**राजस्थान–सरकार**

**निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (आई.ई.सी.) सेवायें, राजस्थान, जयपुर**

क्रमांक :– आई.ई.सी. / रोकड़ / 2015–16 / 1016 दिनांक :– 28/10/2016

मिशन निदेशक
आर.आई.एस.एल.
योजना भवन, जयपुर।

विषय :– एनआईबी संख्या : 03 / 2016–17, 04 / 2016–17, 05 / 2016–17, 06 / 2016–17 एवं 07 / 2016–17 प्री बिड मीटिंग के बैठक कार्यवाही विवरण अपलोड करने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय द्वारा जारी एनआईबी संख्या : 03 / 2016–17, 04 / 2016–17, 05 / 2016–17, 06 / 2016–17 एवं 07 / 2016–17 के प्री बिड मीटिंग की बैठक कार्यवाही विवरण e-proc पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।

संलग्न :– बैठक कार्यवाही विवरण।

सहायक निदेशक, (आई.ई.सी.)

प्रतिलिपि :–

1. प्रभारी सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि उक्त प्री बिड मीटिंग की बैठक कार्यवाही विवरण WWW.SPPP.COM पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।

सहायक निदेशक, (आई.ई.सी.)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# कार्यालय टिप्पणी (क्रमिक)

## कार्यालय टिप्पणी

आज दिनांक 18.10.2016 को एलडीपीई आदि कार्यों से सम्बन्धित बिड संख्या 3/2016-17 की प्री बिड मीटिंग आमंत्रित की गई । मीटिंग में क्रय समिति के सदस्यों के अलावा एक मात्र फर्म मैंसर्स प्रीमियर प्रिंटिंग प्रेस, की और से उनके प्रतिनिधि श्री कैलाश कुमार काबरा उपस्थित हुए । उनके द्वारा बिड के सम्बन्ध में निम्न सुझाव बताये:–

1. बिड में सामान्य शर्तों में एल.डी.पी.ई के लिए फ्लेक्स मशीनों के स्थान पर, एल.डी.पी.ई. कार्य के लिए आवश्यक मशीन रखने हेतु बताया गया । यह कार्य ऑफसेट मशीन पर होने हेतु अवगत कराया गया ।
2. एस.एस.आई. यूनिट के लिए बोली प्रतिभूति राशि 2 प्रतिशत के स्थान पर 0.5 प्रतिशत रखने हेतु बताया गया ।
3. बिड की शर्त संख्या 32 में तीन वर्षों की गणना वर्ष 2012–13 के स्थान पर 2013–14 से करने का सुझाव दिया गया ।

विभागीय समिति ने फर्म के तीनों सुझावों पर विचार विमर्श किया तथा सुझाव आर.टी.पी.पी. नियमों के अनुसार ही पाया । अतः क्रय समिति उक्त सुझावों को बिड में शामिल करने का निर्णय लिया ।

Premier Printing Press

सहायक निदेशक
स्टोर

उपनिदेशक
जनसंपर्क

मुख्य लेखाधिकारी
आई.ई.सी.

अतिरिक्त निदेशक
आई.ई.सी.

निदेशक
आई.ई.सी.

# प्री बिड मीटिंग 20.10.2016

(NIB NO - 4/2016-17, 5/2016-17, 6/2016-17 व 7/2016-17)

आज दिनांक 20.10.2016 को विभाग की आमंत्रित विभिन्न निविदाओ के लिए प्री बिड मीटिंग आमंत्रित की गई जिसमें निविदाओं में हिस्सा लेने वाली 10 फर्मो ने हिस्सा लिया । इनकी उपस्थिती सूचि की प्रति पृथक से संलग्न की गई है ।

उपस्थित फर्मो ने निम्न सुझाव प्रस्तुत कर बिड में शामिल करने के सुझाव दिये:—

1. फर्मो ने अवगत कराया कि भारत सरकार द्वारा निकट भवीष्य में जी.एस.टी. लागू किया जा रहा है जिसमें कर की दर अभी निर्धारित नहीं है । ऐसी दशा में जो दरें मॉगी जावे वह बिना कर/ टैक्स के मॉगी जावे ।
2. फर्मो ने अवगत कराया कि निविदाओं में फर्म का संपर्क कार्यालय मॉगा गया है उसके स्थान पर पंजिकृत कार्यालय होना आवश्यक होना चाहिए ।
3. फर्मों द्वारा अवगत कराया गया कि गत वर्षों में प्लेट मेकिंग चार्जेज अलग से देय था, उसे नियमित रखा जावे । क्योंकि यदि प्रिंटिंग की मात्रा कम होगी तो फर्मो को प्लेट मेकिंग चार्जेज में परेशानी होगी ।
4. स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज के लिए नियमानुसार प्रतिभूति राशि 0.5 प्रतिशत रखी जावे ।
5. प्रिंटिंग की निविदा में फ्लेक्स की मशीन के स्थान पर कागज पर मुद्रण की आवश्यक मशीन आदि नवीनतम/ आधुनिकतम तकनीकि की होना लिखा जाना प्रस्तावित है ।
6. फ्लेक्स की निविदाओ में ई.एम.डी. की राशि रू.5.00 लाख रखी जावे । यह राशि राजस्थान की लघु उघोग इकाई के लिए नियमानुसार निविदा राशि का 0.5 प्रतिशत होनी प्रस्तावित है ।
7. फ्लेक्स के समान विनायल स्टीकर में भी इको सोल्वेंट श्याही के स्थान पर 4 कलर प्रिंटिंग रखना उचित बताया गया ।

विभागीय समिति ने उक्त दिये गये सुझावों हेतु विचार विमर्श किया तथा निम्न सुझावों के बारे में निम्न बिन्दुओं को निविदाओं में शामिल करना प्रस्तावित किया:—

1. निविदाओं में सभी दरें कर सहित के स्थान पर नियमानुसार कर अतिरिक्त करते हुए भरी जावें । जिससे यथा समय लागू कर का भुगतान विभाग द्वारा अतिरिक्त दिया जा सकेगा ।
2. बिड़ दाता फर्म का संपर्क कार्यालय के स्थान पर पंजिकृत कार्यालय जयपुर में होना आवश्यक पढ़ा व समझा जावें ।
3. स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज के लिए अर्नेस्ट मनि अर्थात बिड प्रतिभूति की राशि 2 प्रतिशत के स्थान पर 0.50 प्रतिशत मानी जावे ।
4. प्रिंटिंग की निविदा में फ्लेक्स मशीन के स्थान पर प्रिंटिंग कार्य हेतु आवश्यक आधुनिकतम मशीनें होना आवश्यक पढा जावे ।
5. फ्लेक्स निविदाओं में बिड प्रतिभूति अर्थात अर्नेस्ट मनि की राशिरू. 5.00 लाख पढी जावे ।
6. समिति ने फ्लेक्स के समान ही विनायल स्टीकर प्रिंटिंग के कार्य की निविदाओं में इको सोल्वेंट श्याही के स्थान पर 4 कलर की श्याही अथवा कार्य के लिए आवश्यक प्रिंटिंग श्याही रखने का निर्णय लिया ।

सहायक निदेशक | उपनिदेशक | मुख्य लेखाधिकारी | अति. निदेशक | निदेशक 20/X